भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित संचार निदेशालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>कानपुर हवाईअड्डे के नए सिविल एन्क्लेव से उड़ान प्रचालन आरंभ</u>

नई दिल्ली, 8 जून , 2023 : कानपुर एयरपोर्ट के नव उद्घाटित एकीकृत सिविल एन्क्लेव से पहली उड़ान का प्रचालन 07 जून, 2023 से आरंभ हुआ। बेंगलुरु-कानपुर-बेंगलुरु सेक्टर पर इंडिगो एयरलाइंस का ए-320 विमान नए भवन से प्रचालित होने वाली पहली उड़ान थी और उसे वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। मुंबई-कानपुर-मुंबई सेक्टर पर इंडिगो की एक और फ्लाइट 125 यात्रियों के साथ 1514 बजे कानपुर पहुंची और 6 ई5117 ने 184 यात्रियों के साथ 1548 बजे उड़ान भरी।

उन्नत नागर विमानन अवसंरचना प्रदान करने के लिए श्री योगी आदित्यनाथ , माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश तथा श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ,माननीय केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री द्वारा 26 मई, 2023 को कानपुर हवाई अड्डे पर एक नए उन्नत सिविल एन्क्लेव का उद्घाटन किया गया । जनरल (सेवानिवृत्त), डॉ वी के सिंह केंद्रीय नागर विमानन और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री एवं अन्य गणमान्यजन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
नव-उद्घाटित सिविल एन्क्लेव व्यस्ततम समय में पूर्व में 50 यात्रियों की तुलना में 400 यात्रियों को संभालने की सुविधायुक्त है। सिविल एन्क्लेव का नव विकसित एप्रन 713 मीटर X 23 मीटर के एक नए लिंक टैक्सी ट्रैक के साथ तीन ए-321/बी-737 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त है। नए सिविल एन्क्लेव में आठ चेक-इन काउंटर, तीन कन्वेयर बेल्ट (एक प्रस्थान में और दो आगमन हॉल में) हैं तथा 850 वर्गमीटर का रीटेल और एफ एंड बी क्षेत्र है। 6243 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित टर्मिनल भवन पूर्व टर्मिनल भवन से 16 गुना बड़ा है।

बेहतर यात्री सुविधाओं से परिपूर्ण नए टर्मिनल भवन से यात्रा के दौरान यात्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रेसवे, औद्योगिक गलियारों और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से सुदृढ़ संपर्कता का दावा करता है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव , फतेहपुर , कन्नौज , कानपुर देहात , हमीरपुर , बुंदेलखंड क्षेत्र की आबादी की सेवा करते हुए , नव विकसित कानपुर हवाई अड्डा व्यवसायियों, पर्यटकों और छात्रों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 11/2023-24